अंबेडकर जयंती

अग्रवाल महाविद्यालय में 13 अप्रैल 2021 को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता जी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा अंबेडकर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर एक अतिथि व्याख्यान "**Fighting Inequality Inspiring Inclusion**" के विषय पर कराया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित श्री अरुण शर्मा व शैलेंद्र मिश्रा सदस्य विवेकानंद केंद्र ने संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ० भीम राब अंबेडकर के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्री अरुण शर्मा ने कहा बाबासाहेब ने अपना पूरा जीवन सामाजिक सद्भाव स्थापित करने व सामाजिक बुराइयों खत्म करने में लगा दिया। उन्होंने कहा नकारात्मक सोच खत्म करके सही चिंतन से विविधता में एकता को बनाए रखते हुए सभी अपनी-अपनी भूमिका निभाते हुए समाज व राष्ट्र का विकास कर सकते हैं। इस अवसर पर एन०एस०एस० कार्यक्रम अधिकारी डॉ० अशोक निराला, डॉ० ऋतु व प्राध्यापिका कुमारी उदिता कुंडू और एन०एस०एस० की तीनों इकाइयों के लगभग 120 स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।